# साउथ दिल्ली में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करेगा नया ग्रिड

## मीठापुर में ऊर्जा मंत्री ने रखी नए ग्रिड की आधारशिला

नई दिल्लीः 16 सितंबर, 2013। साउथ दिल्ली में बिजली की तेजी से बढ़ रही मांग को पूरा करने के लिए बीआरपीएल एक नया ग्रिड बनाने जा रही है। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री श्री हारून यूसुफ ने आज, मीठापुर इलाके में बीआरपीएल के 81वें ग्रिड की आधारशिला रखी। इस मौके पर लोकसभा सांसद श्री रमेश कुमार, विधायक श्री राम सिंह नेताजी, और बीआरपीएल सीईओ श्री गोपाल सक्सेना के नेतृत्व में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

66/11 केवी के इस ग्रिड की क्षमता 50 एमवीए होगी। 25 एमवीए के दो मेगा पावर ट्रांसफॉर्मर ग्रिड के अंदर लगाए जाएंगे, जो साउथ दिल्ली के 70 हजार उपभोक्ताओं को बिजली मुहैया कराएंगे। करीब 50 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले इस ग्रिड से जिन इलाकों को खासतौर पर फायदा होगा, वे हैं– लाजपत कॉलोनी, गंगा विहार, एकता विहार, हर्ष विहार, मीठापुर विलेज, जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट–1 व 2, और हरि नगर एक्सटेंशन।

यह बीआरपीएल इलाके का पहला गैस इंसुलेटेड सिस्टम वाला ग्रिड होगा। इस ग्रिड को मानवरहित बनाया जाएगा, जिसे कंप्यूटर के सहारे सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन सेंटर से ही संचालित किया जा सकता है। सामान्य स्थिति में इंजीनियरों को इस ग्रिड परिसर में आने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि वे ऑनलाइन ही इस ग्रिड को नियंत्रित व संचालित कर सकेंगे।

ग्रिड की आधारशिला रखते हुए दिल्ली के ऊर्जा मंत्री ने कहा– हमारी जिंदगी में बिजली का कितना महत्व है, यह हम सब जानते हैं। इस इलाके के लोगों की लंबे समय से मांग रही है कि यहां बिजली का एक ग्रिड बनाया जाए। उनकी यह मांग अब पूरी हो गई है। मुझे विश्वास है कि जब यह ग्रिड बनकर तैयार हो जाएगा, तब न सिर्फ इलाके के लोगों को भरपूर बिजली मिलेगी, बल्कि यह ग्रिड उनके आर्थिक विकास को भी गति देगा।

बीआरपीएल सीईओ श्री गोपाल सक्सेना ने कहा– वर्तमान में इस इलाके में बिजली का लोड 152 एमवीए है, और यह सालाना 9 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। यह ग्रिड बनने के बाद हमारी क्षमता 50 एमवीए और बढ़ जाएगी, जिससे वर्तमान में ही नहीं, बल्कि भविष्य में भी हम यहां के लोगों की बिजली जरूरतों को अच्छी तरह से पूरा कर पाएंगे।

श्री सक्सेना ने कहा कि बीआरपीएल लगातार अपने वितरण नेटवर्क को मजबूत और बेहतर बनाने में जुटी हुई है। बीआरपीएल ने साउथ और वेस्ट दिल्ली में पिछले एक साल में अपनी लोड क्षमता में 255 एमवीए की बढ़ोतरी की है।

*दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।*

..........................................................................................................